राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकःआर0एम0पी0यू0 / 1639 / 2024 दिनांकः 08 अगस्त, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय

अलीगढ़।

विषयः बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2024–26 हेतु सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय के पत्र सं0 आर0एम0पी0यू0 / 1363 / 2024 दिनांक 06.06.2024, आर0एम0पी0यू0 / 1565 / 2024 दिनांक 26.07.2024 एवं आर0एम0पी0यू0 / 1604 / 2024 दिनांक 30.07.2024 के द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2024–26 में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रारूप पर वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप पर हार्ड कॉपी में विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है एवं कतिपय महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना में अनुमोदित शिक्षकों / प्राचार्य की सूची संलग्न नहीं की गयी है अथवा कालातीत सूची संलग्न की गयी है।

बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2024–26 के आयोजक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी के पोर्टल पर महाविद्यालयों की सूची अपलोड कर दी गयी है। सूची में जिन महाविद्यालयों का नाम सम्मलित नहीं है ऐसे सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि अनुमोदित शिक्षकों / प्राचार्यों की सूची दिनांक 10.08.24 को अपरान्ह 1:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और जिन महाविद्यालयों की अनुमोदित शिक्षकों / प्राचार्यो की सूची कालातीत हो चुकी है वे इस आशय का शपथ–पत्र (रू0 100 / – के गैर न्यायिक स्टाप पेपर पर) विश्वविद्यालय में दिनांक 10.08.24 को अपरान्ह 1:00 बजे तक प्रस्तुत करे कि वे एक माह में नियमानुसार शिक्षकों / प्राचार्यों का अनुमोदन / नवीनीकरण करा लेगें। अन्यथा की स्थिति में उन महाविद्यालयों की सीट काउंसलिंग हेतु पोर्टल पर अपलोड किया जाना सम्भव नहीं होगा।

AKY 08/8/24

(अजय कृष्ण यादव)

कुलसचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

8.8.24

उप कुलसचिव